तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



रविवार को उसलापुर ओवरब्रिज पर वाहन खराब होने के कारण धक्का लगाते लोग। जिसके चलते घंटों लगा रहा जाम।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम की सामान्य सभा 13 को



**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। बैठक में पार्षदों से दो-दो प्रश्न मंगाए गए हैं, जो वे 3 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक निगम सचिवालय, विकास भवन में जमा कर सकते हैं। 6 फरवरी को विकास भवन में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा। बैठक के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें मेयर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे। इसके बाद अन्य प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में दिए जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा की बैठक हुई थी।

### मोटी रकम कमाने का झांसा, 9 लाख की ठगी




**बिलासपुर।** निवेश कर मोटी रकम कमाने का झांसा देकर वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी से 8 लाख 83 हजार 274 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली है। सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर सांई आंनदम निवासी आकास जायसवाल पिता दुर्गा प्रसाद जायसवाल वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं। उनके मोबाइल में टेलीग्राम एप पर ग्रुप के माध्यम से निवेश करने के लिए संपर्क किया गया और मोटी धनराशि कमाने की बात कही गई। लालच में आकर उन्होंने 2 हजार रुपए निवेश कर दिया। उसके एवज में उन्हें 2 हजार 800 रुपए प्राप्त हुआ। उसके बाद उनकी राशि ट्रांजेक्शन फस गई कहते हुए उक्त रकम लेने के लिए शुल्क के रूप में धनराशि जमा करने की बात कही गई। इस तरह से उन्हें अलग अलग बहाने बताकर 31 दिसंबर 2025 से 9 जनवरी 2026 तक अलग अलग किस्तों में 8 लाख 83 हजार 274 रुपए ट्रांसफर कराकर आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### तेज होने लगी धूप, सवेरे कोहरे से हो रहा सामना

**बिलासपुर।** फरवरी लगते ही धूप की किरणें तेज होने लगी हैं, ठंड की विदाई लगभग तय हो चुकी है, लेकिन इस बीच सुबह सवेरे लोगों का सामना कोहरे से हो रहा है। करीब 9 बजे तक सड़कों पर कोहरा दिखाई देता है। खासकर शहर के आउट में कोहरे की चादर दिखाई देने से मौसम सुहाना नजर आने लगता है, लेकिन दोपहर 12 बजे के आसपास तेज धूप की आहट होने लगती है। छत्तीसगढ़ के उत्तर संभाग अंबिकापुर और बिलासपुर, पेंड्रा रोड जैसे क्षेत्रों में सुबह ठंड और नमी के कारण कोहरा घना छा रहा है। है। वर्तमान में प्रदेश में किसी बड़े मौसम तंत्र का प्रभाव नहीं है। कोहरे वाले इलाकों में यात्रा करते समय हेडलाइट और फाग लाइट उपयोग करने की सलाह मौसम विभाग द्वारा दी जा रही है। वहीं दोपहर में हल्की गर्माहट और रात में ठंड महसूस हो रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव ने सर्दी के अनुभव हो रही है लेकिन आने वाले दो से तीन दिनों में गर्म के तेवर ओर भी तीखे हो सकते है।

# सिरगिट्टी, सिलपहरी में छाया काला धुआं, 20 से अधिक गांव चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, सांस व त्वचा रोगों से पीड़ित
- कई फैक्ट्रियों की चिमनियां पर्यावरण मानकों के अनुसार ऊंची नहीं

इंडस्ट्रियल क्षेत्र सिरगिट्टी और सिलपहरी क्षेत्र में प्रदूषण ने खतरनाक स्तर पार कर लिया है। स्पंज आयरन और स्टील प्लांट की चिमनियों से निकलता काला धुआं लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। 20 के करीब गांव इसकी चपेट में हैं, जहां खेतों पर काली राख जम गई है। बच्चे और बुजुर्ग सांस व त्वचा रोगों से पीड़ित हो रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई फैक्ट्रियों की चिमनियां पर्यावरण मानकों के अनुसार ऊंची नहीं हैं। इसी वजह से काला धुआं सीधे गांवों में फैल रहा है। हवा के साथ उड़ती राख घरों, पेड़ों और खेतों पर जम रही है। खेतों में खड़ी फसलों पर काली परत जमने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। लोगों के मुताबिक गांवों में सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, त्वचा रोग और खांसी की शिकायतें तेजी से बढ़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग इलाज के लिए मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

### जिले में 1000 के करीब लघु उद्योग

ध्यान रहे कि जिले में करीब एक हजार लघु उद्योग संचालित किए जा रहे हैं। इसमें तिफरा औद्योगिक परिक्षेत्र में 100, सिरगिट्टी औद्योगिक परिक्षेत्र में 200, सिलपहरी औद्योगिक परिक्षेत्र में 20 व शहर में करीब 500 लघु उद्योग संचालित हैं। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों का संचालन किया जा रहा है। पर्यावरण प्रेमी नितिन सिंघवी के मुताबिक लगातार होने वाले निर्माण कार्य और औद्योगीकरण ने वायु प्रदूषण में रिकॉर्ड वृद्धि की है। शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने से भी प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। 68 प्रतिशत तक प्रदूषण बढ़ने का कारण फ्यूल और कोयले का जलना है। बिलासपुर में ही 200 से ज्यादा कैपटिव पावर प्लांट है। जिसका धुआं बड़े पैमाने पर निकलता है। इससे कैंसर और प्री-मेच्योर डिलीवरी जैसी बीमारियां आमतौर पर होती हैं।

### सर्वे कराया जाएगा

राज्य शासन ने इस संबंध में जरूरी गाइड लाइन जारी की है। इसमें प्रदूषण फैलाने वाले व पर्यावरणीय संतुलन के हिसाब से खतरनाक माने जाने वाले उद्योगों के लिए अनुमति देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वैकल्पिक उद्योगों को ही अनुमति देने निर्देशित किया गया है। शासन से आए निर्देशों की जानकारी विभाग प्रमुखों को दे दी गई है। इस पर गंभीरता के साथ अमल करने कहा गया है। सिरगिट्टी और दूसरे औद्योगिक क्षेत्रों में सर्वे कराकर जांच करा ली जाएगी। जिन फैक्ट्रियों की चिमनियां पर्यावरण मानकों के अनुसार ऊंची नहीं हैं उन्हें बदलने कहा जाएगा।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### छतों, आंगनों और खेतों में काली राख

प्रभावित लोग अब फैक्ट्रियों को बंद की भी मांग करने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह उठते ही घरों की छतों, आंगनों और खेतों में काली राख दिखती है। पीने के पानी तक पर इसका असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और न ही प्रशासन ने अब तक ठोस कदम उठाए हैं। लोगों के मुताबिक फैक्ट्री द्वारा पर्यावरणीय मानकों की घोर उपेक्षा की जा रही है। न तो प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए गए हैं और न ही स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बाहर के राज्यों से श्रमिक बुलाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता है।

### दमा, सांस फूलना, खांसी, आंखों में जलन

क्षेत्र में रहने वाले कई लोगों ने बताया कि बीते कुछ महीनों में दमा, सांस फूलना, खांसी, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी श्वास संबंधी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं। खासकर बुजुर्गों, बच्चे और पहले से बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रात के समय धुएं की समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों को खिड़की-दरवाजे बंद करके सोना पड़ता है। आसपास के खेतों और उसमें लगी फसलों में इसका असर दिख रहा है। राख और डस्ट से उनकी सब्जी सहित अन्य फसलें बर्बाद हो रही है, जिसके चलते पैदावार नहीं हो रहा है।

### पूरे क्षेत्र की हवा जहरीली हो चुकी

स्थानीय लोगों के मुताबिक फैक्ट्रियों में शीघ्र नियामक जांच की जानी चाहिए और इसे किसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए, ताकि लोगों का स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षित रह सके। स्थानीय निवासी अरविंद मिश्रा का कहना है कि पहले से ही इस फैक्ट्री से त्रस्त हैं और लगातार उद्योग खुल रहे जिसमे नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इससे जीना दूभर हो जाएगा, पलायन की नौबत आ जाएगी। स्थानीय निवासी सोमनाथ पांडेय का कहना है कि पूरे क्षेत्र की हवा फैक्ट्री की वजह से जहरीली हो चुकी है। पर्यावरण विभाग को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

### एसीसीयू टीम को मिली सफलता : सभ्रांत परिवार के बच्चों को बेच रहे थे

# बिलासपुर को उड़ता पंजाब बनाने वाले 3 सरगना गिरफ्तार, 34 ग्राम हेरोइन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर को उड़ता पंजाब बनाने वाले 3 सरगना को पकड़ने में एसीसीयू टीम को बड़ी सफलता मिली है। उनके पास से 34 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है। पंजाब से हेरोइन लाकर पुड़िया बनाकर संभ्रात परिवार के बच्चों को बेच रहे थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को सूचना मिली कि चकरभाठा क्षेत्र के तीन युवक बाहर से हेरोइन लाकर शहर के संभ्रात परिवार के बच्चों को ग्राहक बनाकर उसकी बिक्री कर रहे है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य ने टीम के चकरभाठा क्षेत्र में गोपनीय तरीके से पतासाजी की। सूचना सही पाए जाने पर हिर्री माइंस, तिलकनगर क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन युवकों को पकड़ लिया। उनके पास से 34 ग्राम हिरोइन बरामद किया गया है। तीनों युवक लंबे समय से हेरोइन शहर में लाकर खपा रहे थे। चकरभाठा पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपियों से जब्त हेरोइन।

### पकड़े गए आरोपी

- मोहित हिंदूजा पिता टीकम दास 32 साल चकरभाठा वार्ड नम्बर 7
- करन दीप सिंह पिता सुखविंदर सिंह 29 साल चकरभाठा वार्ड क्रमांक 12
- आर रजिंदर कुमार पिता मुख्तियार लाल 35 साल खेमकरण जिला तरनतारन पंजाब

### पंजाब से लाकर खपा रहे थे

पकड़े गए आरोपियों में एक युवक मूलत : पंजाब का रहने वाला है। वह पंजाब से हिरोइन लाकर साथियों के साथ पुड़िया बनाकर 3 हजार रुपए में बेच रहा था। जब्त हिरोइन को पंजाब में चिट्टा कहा जाता है। इसी चिट्टा की गिरफ्त में आकर पंजाब के बड़ी संख्या में युवा नशेड़ी हो गए थे। आरोपी पंजाब के बाद जिले को उड़ता पंजाब बनाने में लगे हुए थे। समय पूर्व तीनों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।



रविवार को व्यापार विहार की बंद दुकानें।

# सर्व सवर्ण समाज के बंद का मिला जुला असर

**बिलासपुर।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में सर्व सवर्ण समाज द्वारा रविवार को किए गए बंद का जिले में मिला जुला असर रहा। दुकानें दोपहर तक काफी हद तक बंद रहीं। इसके बाद बाजार पूरी तरह खुल गया। इस दौरान कहीं से भी किसी भी प्रकार के विवाद और अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली।

- दोपहर बाद खुल गईं दुकानें और बाजार

बंद के दौरान सवर्ण समाज की ओर से कहा गया कि यह नियम समाज के हितों के खिलाफ है और जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। इस भारत बंद को शहर के विभिन्न समाजों और व्यापारिक संगठनों का समर्थन मिला। बंद के दौरान शहर की सभी दुकानें, बाजार और व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहें। व्यापारिक संगठनों ने भी यूजीसी के नए नियमों को "काला कानून" बताते हुए बंद में सहयोग देने की घोषणा की थी। इस दौरान सर्व सवर्ण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह 9 बजे सभी समाजों के लोग नेहरू चौक में एकत्रित हुए और यहां से जुलूस निकालकर शहर में बंद को प्रभावी रूप से लागू कराया। समाज के नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक वर्ग की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसरों की है।



बंद कराने निकले सर्व सवर्ण के पदाधिकारी व सदस्य।

### व्यापारियों ने स्वेच्छा से बंद रखी दुकानें

बंद के तहत प्रदर्शनकारियों ने अलग-अलग टोलियां बनाकर बाजारों और मोहल्लों में घूमते हुए दुकानों को बंद कराया। कई व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद रखीं, जबकि कुछ ने प्रदर्शनकारियों के पहुंचने पर अपने प्रतिष्ठान बंद किए। हालांकि कई कस्बों और गांवों में जनजीवन सामान्य रहा।

### आज कलेक्टोरेट तक रैली

आंदोलन के अगले चरण में 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे देवकीनंदन चौक से कलेक्टरेट तक रैली निकाली जाएगी। रैली के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें यूजीसी के नए नियम को तत्काल वापस लेने की मांग की जाएगी।

# कोरबा के सैलानी को एटीआर में दिखा बाघ



**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन का भ्रमण करने के लिए परिवार के साथ पहुंचे कोरबा के सैलानी को बाघ का दीदार हुआ। सैलानी ने बाघ की तस्वीर को कैमरे में कैद करते हुए जीवन का यादगार अनुभव बताया।

एटीआर में सफारी एवं प्राकृतिक भ्रमण के उद्देश्य से कोरबा के निवासी लक्ष्मी सिंह कंवर अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। सफारी के दौरान उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव तब मिला, जब कोर जोन के घने जंगल में उन्हें बाघ का दीदार हुआ। सैलानी को यह दुर्लभ दृश्य वाहन चालक छोटेलाल मरकाम और अनुभवी टूरिस्ट गाइड कुशल टिलवानी के सहयोग से देखने को मिला। गाइड व चालक ने सूझबूझ व सतर्कता के साथ वाहन को सुरक्षित दूरी पर रोकते हुए सैलानी को बाघ की गतिविधियों को देखने का अवसर दिया। बाघ को देखने के बाद सैलानी लक्ष्मी सिंह कंवर ने उसकी तस्वीर अपने कैमरे में कैद कर लिया। इससे पहले भी अचानकमार टाइगर रिजर्व में सफारी क दौरान रायपुर के एक परिवार को बाघ का दीदार हुआ था। इस पल को यादगार बनाने के लिए उन्होंने बाघ की वीडियो व तस्वीर मोबाइल में कैद करने के उपरांत एटीआर प्रबंधन को साझा किया था। एटीआर प्रबंधक के अनुसार हाल के दिनों में रिजर्व क्षेत्रों में बाघों की सक्रियता बढ़ी है, जिससे सफारी पर आने वाले सैलानियों को उन्हें देखने का अवसर मिल रहा है। अचानकमार टाइगर रिजव प्रबंधन ने जिन सैलानियों ने सफारी के दौरान बाघ देखा है। उनका नाम, मोबाइल नम्बर व पता रजिस्ट्रर में दर्ज किया जा रहा है। इससे पहले भी कई परिवार को भ्रमण के दौरान बाघ नजर आया है, जिसके माध्यम से प्रबंधन रिकार्ड मेंटेन करता है।

### आज जिला व पुलिस प्रशासन की अगुआई में बैठक

# धरना-प्रदर्शन के लिए नई जगह तलाशने फिर होगी माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




शहर में अब धरना-प्रदर्शन के लिए नई जगह की तलाश के लिए सोमवार को कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में जरूरी बैठक रखी गई है। कलेक्टर व एसपी की मौजूदगी में विभिन्न संगठनों से विचार-विमर्श कर नए स्थल का चिन्हांकन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के लिए अब तक चिह्नांकित स्थानों का शहर के बीच में होने के कारण हड़तालियों की भीड़ से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बाधित होती है, जिससे निजात पाने अब एक और नई जगह की तलाश की जा रही है।

संभाग मुख्यालय होने के कारण शहर में हड़ताल व धरना-प्रदर्शन के कारण ट्रैफिक व्यवस्था लगातार खराब हो रही है। शुरूआती दौर में हड़तालियों को नेहरू चौक में सड़क के दोनों ओर टेंट लगातार प्रदर्शन करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन शहर का अति वयस्ततम मार्ग होने के कारण यहां से हड़तालितयों को कोन्हेर गार्डन में स्थनांतरित किया गया था। कोन्हेर गार्डन के जीर्णाद्धार के बाद यहां शहरवासियों की संख्या बढ़ने के कारण यहां भी धरना-प्रदर्शन से लोगों को दिक्कत होने लगी थी। लिहाजा इसके लिए बृहस्पतिबाजार के ठीक बाजू में चाटापारा स्थित बीआर यादव उद्यान में धरना-प्रदर्शन की अनुमति दी जाने लगी। चूंकि यह स्थान भी शहर के मुख्य बाजार से लगा हुआ है, जिससे यहां भी लोगों को समस्या होने लगी थी। लिहाजा अब जिला व पुलिस प्रशासन एक नई जगह की तलाश कर रहा है। इसके लिए सोमवार को शाम पांच बजे बैठक आयोजित की गई है।

उल्लेखनीय है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था व संविधान में दिए गए अधिकारों के अंतर्गत सभी नागरिकों और संगठनों को विधि पूर्वक, शांति पूर्ण आचरण से अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्रता दी गयी है 1 जिसके तहत अपनी मांग रखने,संदेश देने के लिए धरना, रैली, जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिया जाता है यहां आयोजित धरना प्रदर्शन से यातायात गंभीर रूप से प्रभावित होता है और आगंतुकों को परेशानी होती है। यहाँ स्थित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) व तहसील कार्यालय, नवीन भवन का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माणाधीन अवधि में यहां किसी भी धरना-प्रदर्शन के लिए अनुमति दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

### नेहरू चौक से नहीं छूट पा रहा मोह

प्रशासन ने भले ही नेहरू चौक के स्थान पर हड़तालियों को अपनी बात रखने के लिए कोन्हेर गार्डन व बीआर यादव उद्यान में स्थान दिया है, लेकिन धरना-प्रदर्शन करने वालों का मोह नेहरू चौक से नहीं छूट पा रहा है। चाहे किसी भी संगठन का प्रदर्शन हो कर्मचारी नेता नेहरू चौक को ही प्राथमिकता में रखते हैं। इस दौरान प्रदर्शन के चक्कर में भले ही शहर की यातायात व्यवस्था बाधित होती रहे, जिससे इन्हें कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि इस समस्या से निजात पाने जिला व पुलिस प्रशासन संगठनों के साथ मिलकर स्थल के चयन को लेकर किसी ठोस निर्णय पर पहुंचना चाह रहा है।

### साइंस कालेज मैदान, बहतराई स्टेडियम व कोनी बेहतर विकल्प

शहर के भीतर धरना-प्रदर्शन से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए शहर के बाहर उपलब्ध कई स्थानों को विकल्प के रूप में देखा जा सकता है। साइंस कॉलेज का मैदान काफी बड़ा है। इसी तरह साइंस कालेज मार्ग पर ही स्थित खेल परिसर से ही कर्मचारी संगठनों द्वारा अपनी रैली की शुरूआत व समापन कर सभा आयोजित की जाती है। ऐसे में यह स्थान भी बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। बहतराई स्थित स्टेडियम भले ही शहर से कुछ दूरी पर है, लेकिन धरना-प्रदर्शन के लिए यह बेहतर विकल्प है। कोनी स्थित कमिश्नर कार्यालय के पीछे नगर निगम द्वारा तैयार एक बाईपास सड़क भी धरना-प्रदर्शन के लिए अच्छा विकल्प बन सकती है।

## खबर संक्षेप

### शिवनाथ नदी की सामूहिक पूजन आरती आज

**दगोरी।** प्रकृति की सुरम्य वादियों में बारहों मास जलमग्न रहने वाली क्षेत्र की आस्था की प्रतीक जीवन दायिनी शिवनाथ नदी की सामूहिक पूजन आरती का आयोजन सोमवार 2 फरवरी को किया जाएगा। इस पूजन आरती में जनप्रतिनिधि, गणमान्य जन, समाजसेवी, पर्यावरण विद, सर्व समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन सुबह 10 बजे स्थान मावली माता मंदिर के पास शक्ति माता स्थल के पास शक्तिघाट में होगा।


## निधन

### भेषज कुमार तिवारी



**बिलासपुर।** दीनदयाल कालोनी मंगला निवासी भेषज कुमार तिवारी पिता स्व. मुरली मनोहर (जांजगीर वाले) का निधन 1 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी को सुबह 11. 30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे स्व. द्विजेंद्र नाथ तिवारी, भूपेंद्र नाथ तिवारी, गजेंद्र नाथ तिवारी, स्व धनंजय तिवारी के भाई एवं अभिषेक तिवारी के पिता थे।

### छोटू यादव



**बिलासपुर।** उदई चौक कतियापारा निवासी छोटू यादव का रविवार 1 फरवरी को निधन हो गया। वे 30 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया गया। वे स्व.महेश यादव के पुत्र एवं ज्ञानी व गजेंद्र उर्फ मोगिया यादव के भाई थे।

### नवाब खान



**बिलासपुर।** तालापारा तुलसी नगर निवासी नवाब लेडिज टेलर्स के संचालक नवाब खान का रविवार को निधन हो गया। उन्हें सोमवार 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे मगरपारा स्थित रहतबाग में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे शादाब खान के पिता थे।

# कार्यकर्ताओं ने मनाया धरमलाल का जन्मदिन





रविवार को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का जन्मदिन मनाते समर्थक।

**सरगांव।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर को और भी यादगार बनाते हुए विधायक ने उज्जवला योजना के तहत हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरण किया। उन्होंने सरगांव में 12 करोड़ रुपए विकास कार्यों की स्वीकृति की जानकारी दी।

पूरे विधानसभा में विकास की करवट बदली है- इस मौके पर विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, नगर वासियों ने जो विधानसभा सभा चुनाव की मिथ्या को तोड़कर लगातार भाजपा को जिताकर विधायक बनाया है, लोकसभा चुनाव में भारी मतों से भाजपा को विजयी दिलाई एवं पंचायत चुनाव में भी आप लोगों ने भाजपा पर भरोसा किया। उसी का फल है, जो सरगांव में विकास की गाथा गढ़ी जा रही है। साथ ही पूरे विधानसभा में विकास की करवट बदली है। उक्त बातें बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रतीक्षा बस स्टैंड पर आयोजित अपने जन्मदिन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि, क्षेत्र में उत्सव और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

जनसमूह ने तालियों और नारों के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक धरमलाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, पं दीनदयाल उपाध्याय फाउंडेशन, एक पेड़ मां के नाम, नगर पंचायत में कार्यरत सफाई सदस्यों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। नपं अध्यक्ष परमानन्द साहू ने स्वागत भाषण में सभी की ओर से उन्हें बधाई दी एवं आभार मंडल अध्यक्ष पोषण यादव ने किया। इस दौरान क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, बाबा परेटन गिरी गोस्वामी, जिपं सभापति अंबालिका साहू, अनिल दुबे, रणजीत सिंह, लक्ष्मण साहू, राज कौशिक, सुंदर साहू, रामकुमार कौशिक, शिव पाण्डेय, केदार वर्मा, नवाब खान, रिजवान हक, महेश साहू, पवन साहू, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# माघी पूर्णिमा पर सागर सरोवर में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



माघी पूर्णिमा पर रविवार को ग्राम सागर स्थित पुण्य सरोवर सागर में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सागर मैया घाट पर रात्रि 12 बजे के बाद से ही स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा जो रविवार को देर शाम तक चलता रहा।

इस दौरान श्रद्धालुओं स्थानीय मातृ शक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया इस दौरान ग्राम सकर्रा, सागर, लाखासार, खजुरी से पहुंची प्रभात फेरी टोली के भजनों के साथ सागर मैया की झांकी भी निकाली गई जो मानस मंच से शुरू हो कर सागर का भ्रमण करते हुए सागर मैया सरोवर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह आरती और पूजन कर स्वागत किया गया। सागर मैया में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ सागर मैया की महाआरती उतारी गई। इस दौरान गंगा आरती के तर्ज पर बाहर से महाआरती करने पहुंचे पंडितों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर शोभायात्रा को जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, विशाल विक्की सिंह, ललिता संतोष कश्यप, माधवी वस्त्रकार, राकेश तिवारी, अंबिका साहू, दिनेश राजपूत, अश्वनी शर्मा, राजेश तंबोली, डॉ प्रमोद तिवारी, रामचरण वस्त्रकार, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, नरेश अग्रवाल, घनश्याम कौशिक, अनिल पप्पू शर्मा, रामकुमार निर्मलकर, सौरभ पांडेय ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रमोद शर्मा, करमू सिंह रतन गुरुजी, कृष्णकुमार कौशिक, श्याम सुंदर कश्यप दिलीप कोरी, रंजना तुलसी कौशिक, परमेश्वर पटेल, मनहरण कौशिक, कविता महेश यादव, रामकुमार सिंगरौल, ऋषभ कश्यप, जया जलेश्वर साहू, शालनी सुभाष गढ़ेवाल, अनिल टांडे, मंजुलता सुरेश पाण्डेय, सावित्री बलराम बिंझवार, अलखराम निर्मलकर, राधा अविनाश वर्मा, मनोज बंटी तिवारी, श्यामता कौशिक आदि मौजूद थे।

# मनरेगा बचाओ पदयात्रा में शामिल हुए पटेल व जांगिड़



**करगीरोड-कोटा।** कोटा ब्लॉक के ग्राम शिवतराई में विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी के संयोजन से 'मनरेगा बचाओ संग्राम' पदयात्रा निकली गई। पदयात्रा में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री उमेश पटेल शामिल हुए। विजय जांगिड़ व उमेश पटेल के नेतृत्व में 2 किलोमीटर तक पदयात्रा की गई, जिसमें कोटा विधानसभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। पदयात्रा में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी, प्रदेश प्रवक्ता आवेदन नारायण राय, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजू यादव, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, महिला कांग्रेस के सीमा पांडे, माया मिश्रा, विना मशीह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

■ आगे जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर होगा आंदोल : पटेल

# बिजली विभाग ने मनाया रजत महोत्सव



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रदेश गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 जनवरी से 4 फरवरी तक पूरे जिले में बिजली विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गौरेला एवं पेंड्रा ब्लॉक के नवागांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की मौजूदगी रही।

ऐई संतोष व नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष ने विद्युत विभाग की 25 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। लोगों को एलईडी से संबंधित सावधानी एवं सतर्कता की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जागरूक उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं इसके लाभार्थियों व विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं बीपीएल, घरेलू और कृषक उपभोक्ताओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ऐई संतोष ने बताया कि, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष सेवा समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। सरकार ने देश के हर घर तक सुरक्षित और निर्वाचित रूप से बिजली पहुंचाने का प्रयास किया है, जिसमें उपभोक्ताओं का सहयोग और कर्मचारियों की मेहनत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। वही नगर पालिका गौरेला की उपाध्यक्ष ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की उपभोक्ताओं से अपील की। उक्त कार्यक्रम में रोशनी तप शर्मा, मनोरमा गुप्ता, उर्मिला मार्को, सचिन जैन, जेई निखिल कुमार, मनोज तिवारी, आशुतोष राम, अरुण महिलांगे, मंजू ध्रुव, लक्ष्मी राठौर, रामकुमार नामदेव, मनीष कुमार सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 का आयोजन वितरण वितरण केंद्र पेंड्रा के ग्राम पंचायत भवन नवागांव में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य पूर्णिमा पैकरा, जपं सीईओ नम्रता शर्मा शामिल हुए।

# जिला पंचायत सदस्य अनीता ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



■ ताला एनीकट को गर्मी तक बंद रखने की मांग

ग्राम पंचायत अमेरीकापा के ताला एनीकट को गर्मी तक बंद रखे जाने के संबंध में जिला पंचायत सदस्य अनीता राजेंद्र शुक्ला ने कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर को ज्ञापन देकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि, ग्रामपंचायत अमेरीकापा में प्रसिद्ध स्थल ताला है, जहां प्रतिवर्ष ताला महोत्सव मेला आयोजित होता है। यहां मनियारी नदी पर ताला एनीकट बना हुआ है, जिसके कारण तालागांव से लेकर लगभग नदी किनारे स्थित 15 से 20 गांव में जल स्तर अच्छा बना रहता है। पिछले वर्ष इस एनीकट को खोल दिए जाने के कारण आस-पास के गांवो में जल स्तर बहुत नीचे चला गया था। इसके कारण गर्मी में भीषड़ पेयजल संकट उत्पन्न हो गया था।ज्ञापन में बताया गया कि, अभी भी कुछ रेत माफियों द्वारा रेत निकालने के चक्कर में ताला एनीकेट को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि तालागांव ऐतिहासिक स्थल है एवं पिकनिक स्थल भी है। इसलिए वहा की सुदंरता के लिए भी एनीकट खोला जाना उचित नहीं होगा। बल्कि मनियारी जलाशय से फरवरी या मार्च के माह में नदी में पानी छोड़कर ताला एनीकट तक पानी रखने का प्रयास किया जाना चाहिए।







व्यापार व उद्योग मेले में हरिभूमि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई रंगोली व मेहंदी का अवलोकन करती निर्णायक। स्पर्धा में पुरस्कृत किए गए बच्चे।

# रंगोली, मेहंदी स्पर्धा में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार व उद्योग मेले में हरिभूमि द्वारा रविवार को स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सजाओ एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली, मेहंदी में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी कला प्रतिभा दिखाई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि द्वारा आयोजित स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। पहले वर्ग में 0 से 3 एवं दूसरे वर्ग में 3 से 5 वर्ष तक के 90 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ सुशील कुमार, डॉ श्रीकांत गिरी, डॉ एमएच सिद्धीकी ने एक-एक कर प्रतिभागी सभी बच्चों को मंच पर बुलाया एवं बच्चों की पूरी जांच कर पैरेंट्स से उनकी परवरिश व अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्हें आगे भी हेल्दी रखने उनके खानपान व टीकाकरण की विस्तार से जानकारी दी। इससे अभिभावक उत्साहित दिखे एवं हरिभूमि के इस आयोजन की सराहना की। इस मौके पर हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, प्रोडक्शन मैनेजर मनीष त्रिपाठी, बीएनआई से राजीव अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अभिषेक पटेल, संतोष निषाद, आयुष अग्रवाल, योगेश पटेल सहित अन्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कम्प्यूटर विभाग हरिभूमि के प्रमुख ज्योति बाजपेई ने किया।

## दो वर्ष तक कराएं नियमित स्तनपान : डॉ. गिरी

डॉ श्रीकांत गिरी ने बताया कि वैसे तो सभी बच्चे स्वस्थ दिखे पर कुछ पैरेंटस में जागरूकता की कमी दिखी। इसे देखते हुए उन्होंने बच्चों को स्वच्छ रखने की सलाह दी। नाखून काट कर रखने कहा क्योंकि इन दोनों चीजों से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। खाना के माध्यम से कीटाणु शरीर में जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को दो साल तक नियमित स्तनपान कराएं। यह उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण व खान पान को लेकर भी अभिभावकों को जागरूक किया और कहा कि बच्चों को दूध पिलाते-पिलाते ही खाना खिलाना शुरू कर दें। सभी टीके लगवाएं। उन्हें टीवी, मोबाइल से बचा कर रखें।

## लोग जुड़ पाते हैं भारतीय संस्कृति से : चावला

बीएनआई ग्रुप के प्रमुख किरण सिंह चावला ने हरिभूमि के इस आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता एक ऐसा आयोजन है, जिसमें माता-पिता को अपने बच्चों का वरिष्ठ चिकित्सकों से चेकअप कराने का एक अच्छा अवसर मिल जाता है। बच्चों की कमियों जिसे पैरेंटस निरंतर नजर अंदाज करते रहते हैं, को लेकर चिकित्सकों से कुछ महत्वपूर्ण टिप्स मिल जाते हैं। इन डाक्टरों की सलाह पर सही समय पर इलाज भी करा सकते हैं जो बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज बच्चे पाश्चात्य संस्कृति के चपेट में आते जा रहे हैं। ऐसे में रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता लोगों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का काम कर रही है।

### हुनर को मिलता है प्रोत्साहन : विवेक

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक चीका बाजपेई ने हरिभूमि व बीएनआई को इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया और कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना बहुत अच्छी बात है। रंगोली, मेहंदी से घरेलू हुनर को प्रोत्साहन मिलता है। वे अपनी प्रतिभा दिखाने आगे आ पाते हैं।

### प्रतिभा दिखाने का मौका : पं. दुबे

सीएमडी कॉलेज के चेयरमेन पं. संजय दुबे ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मेहंदी, रंगोली एक ऐसा हुनर है जिसे कई महिलाएं, युवतियां स्व-रोजगार के रूप में अपना रही हैं। ऐसे प्रतिभागियों के लिए तो यह आयोजन सोने पे सुहागा होता है।

### नारी शक्ति पर बनी रंगोली

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं शिक्षा, नारी शक्ति पर आधारित रंगोली के अलावा तिरंगा, राम-सीता, गणेश, जगन्नाथ भगवान, माखन से भरी हुई मटकी, हंस, दुर्गा माता व संस्कार भारती की आकर्षक रंगोली सजाई। सुरभि सिंह ने नारी शक्ति पर रंगोली सजाते हुए बताया कि भारत की शक्ति नारी है।

## खेल से होता है मानसिक विकास : डॉ. सुशील

डॉ सुशील कुमार ने उपस्थित अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चा जो देखता है वही सीखता है, इसलिए टीवी सीरियल में समय न गंवा कर बच्चों के साथ कुछ घरेलू खेल खेलें। खेल मानसिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने इस बात के लिए चिंता जताई कि आज मात्र 10 प्रतिशत बच्चे ही बैलेंस डाइट ले रहे हैं। बच्चों का आई क्यू बढ़ाने उन्हें आयरन व मल्टी विटामिन युक्त चीज देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि कुछ ज्यादा व्यस्तता है तो काम वाली रख लें पर बच्चों को अधिक से अधिक समय दें। इससे उनका मानसिक विकास हो सकेगा। घर में सही माहौल नहीं मिलने से बच्चे देर से बोलते हैं।

## बच्चों को मोबाइल से रखें दूर : डॉ. सिद्धीकी

डॉ एमएच सिद्धीकी ने कहा कि स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के प्रतिभागी सभी बच्चे हेल्दी हैं, पर आगे के लिए पैरेंटस को कुछ जरूरी बातों का ध्यान देना आवश्यक है। बच्चों के डाइट में जंक फूड को कभी भी शामिल न करें। मोबाइल दिखाकर खाना खिलाने से बचे। ऐसे में बच्चा खाने का टेस्ट डवलप नहीं कर पाता है। वहीं मोबाइल का दुष्प्रभाव बच्चों के ब्रेन पर पड़ता है। दिमाग कम्प्यूटर की दुनिया में ज्यादा रहता है। उनके शब्द कोष कम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी दुष्प्रभावों से बचने टीवी में भजन या कुछ नॉलेज वाला लेक्चर लगा कर बैठा दें तो ज्यादा बेहतर होगा।

### इन्हें मिला पुरस्कार

स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता में 0 से 3 वर्ष में प्रथम श्रेयांश तिवारी, द्वितीय दिशांक, क्यूट बेबी अविषा कुशवाहा, विशेष चिल्ड्रन अमातुल्ला भारमल, सांत्वना शिवांग शुक्ला, लाव्यांश, वैभव हंसपाल, 3 से 5 वर्ष में प्रथम स्वस्तिक गुप्ता, द्वितीय स्तुति, तृतीय प्रांशी श्रीवास्तव, विशेष पुरस्कार हसलैन खान, सांत्वना श्रीम शुक्ला, मिहिर शर्मा, इमरा, अति विशेष पुरस्कार हर्षित पटेल को दिया गया।

### छाई रही डिजाइनर मेहंदी

प्रतियोगिता में पंजीयन के तुरंत बाद प्रतिभागी मेहंदी लगाना आरंभ कर दिए और फ्लोरल, सर्कल ब्राइडल, पिकॉग डिजाइन, मारवाड़ी, अरेबिक, भरवा सहित कई तरह की डिजाइनर मेहंदी लगाई।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, विज्ञापन प्रमुख रामेश्वर सोनी, असलम खान, बाल किशन सोनी, राजेश सानन, भुवन देवांगन, नवीन मिश्रा, लक्ष्मी गुप्ता, हितेश गुप्ता, प्रशांत सिंह, अनिल शर्मा, कादिर खान, नवीन सोनी, राकेश मानिकपुरी, सतीश, प्रकाश यादव, मयंक दीप अंचल, थामस मोरिया, सुनिल, यतिन्द्र श्रीवास, अमरकांत गुप्ता, डेजी नाथ, रेखा साहू, अंजना शर्मा, नाजिया खान, मुनमुन कौशिक सहित हरिभूमि परिवार के अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

### ये रहे विजेता

रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम साल्वी कश्यप, द्वितीय प्रतिभा साहू, तृतीय पलक देवांगन व धानी सिंह ठाकुर, विशेष पुरस्कार आन्या यादव, पिंकी साहू, कुमुद ध्रुव, ज्योति पटेल, अर्चना साहू, जान्वी वर्मा, जिया कौशिक, उमा गौरी देवांगन, साक्षी देवांगन, जीना खान, सुरभि सिंह, त्रिफ राज, 16 से 25 वर्ष में प्रथम प्रगति शुक्ला, द्वितीय सौम्या साहू, तृतीय सृष्टि भारकण्डे, विशेष पुरस्कार रोशनी यादव व अनुराधा पटेल, 26 से ऊपर में प्रथम दामिनी कश्यप, द्वितीय भावना कश्यप, तृतीय उमा सोनी, मेहंदी प्रतियोगिता के 5 से 15 वर्ष में प्रथम साक्षी साहू, द्वितीय जोहा अख्तर, तृतीय सौम्या चंदाबहेश, विशेष पुरस्कार संध्या परिहार, लीना, प्रतिभा, 16 से 25 वर्ष में प्रथम शिखा यादव, द्वितीय भूमिका यादव, तृतीय पूर्णिमा सिंह, विशेष पुरस्कार सामिया खान, सुहानी कश्यप, श्रुति यादव, प्रेरणा, सौम्या साहू, 26 से ऊपर में प्रथम दामिनी कश्यप, द्वितीय सिमरन बोले, तृतीय सविता साहू, विशेष पुरस्कार पूर्वी आदित्य, रानी कौशिक को दिया गया है।



बीएनआई ने हरिभूमि ग्रुप का किया सम्मान।



नन्हे विजेताओं को दिया गया पुरस्कार।



स्पर्धा में बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा।

## रंगोली, मेहंदी में दिखी कलाकारी



दामिनी कश्यप ने रंगोली व मेहंदी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



सीनियर वर्ग में बनाई जगह।

## मेला स्थल पर रंगोली के बिखरे रंग






## स्वस्थ बच्चों ने जीते ईनाम



डॉ. श्रीकांत गिरि ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।



डॉ. सुशील कुमार ने बच्चों को मौसम के बदलाव से सुरक्षित रखने दी सलाह।



डॉ. एमएच सिद्धीकी ने बच्चों को खाने के समय मोबाइल से दूरी रखने कहा।



मेहंदी लगाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे।



हरिभूमि के आयोजन में भाग लेकर प्रतिभागी उत्साहित।



प्रतिभागियों ने हथेली पर सजाई हिना।

## बजट को लेकर जनप्रतिधियों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया, किसी ने सराहा, किसी ने की निंदा

# केंद्रीय बजटः भाजपा ने कहा सर्वहितकारी, कांग्रेस ने बताया छलावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



केंद्रीय बजट को लेकर जहां भाजपा ने इसे सर्वहितकारी बताया है वही कांग्रेस ने इसे छलावा बताया है। इस बजट को लेकर जहां कई लोग खुश हैं वहीं लोग मायूस भी नजर आ रहे हैं। बजट को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।

भाजपा जिला अध्यक्ष **दीनानाथ केशरवानी** ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस बजट में आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, जनता की उम्मीदों को पूरा करना, सबका साथ, सबका विकास के साथ यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार सृजन, स्टार्टअप, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने वाले प्रावधान किए गए हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष **घनश्याम वर्मा** ने कहा कि आमजन इस बजट से उम्मीद बहुत लगाकर रखे थे। बजट में युवाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। बेरोजगार युवकों को झूठे आश्वासनों से छला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य की जरूरतों और हितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। यह बजट देश मे महंगाई बढ़ाने वाला बजट है। छत्तीसगढ़ की जरूरतों और हितों को नजर अंदाज किया गया है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय** ने कहा कि इस बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व विकास और उन्नति के नव सोपान भारत विश्व पटल पर स्थापित करने की क्षमता प्राप्त करेगा। "रिफॉर्म एक्सप्रेस" विकास, रोजगार और उत्पादन को गति देने वाला बजट है। बजट में औद्योगिक क्षेत्रों का पुनर्जीवन, शहरों में आर्थिक क्षेत्रों का विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना शामिल है। बजट में गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, व्यापारी, श्रमिक एवं उद्यमियों सभी वर्गों व क्षेत्रों के हितों का समावेश किया गया है।

**नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने** बताया कि यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन बजट है, जिसमें आम आदमी, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लिये कुछ भी ठोस नही है। बढ़ती महंगाई और भयावह बेरोजगारी से जूझ रही जनता के लिए किसी प्रकार की कोई राहत नही दी गई है, जिससे मध्यम वर्ग में निराशा और असंतोष बढ़ा है।

**जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू** ने बताया कि यह बजट यह बजट निश्चित रूप से ऐतिहासिक, जनहितकारी एवं राष्ट्र को विकास के नए शिखर तक ले जाने वाला सिद्ध होगा। वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला भी रखता है। बजट में स्वास्थ्य और आम जरूरतों को सस्ता रखने की कोशिश की है, शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता करने की घोषणा भी की गई, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

**कांग्रेस नेता स्वतंत्र मिश्रा** ने कहा कि मोदी सरकार ने जो बजट पेश किया है वह आम जनता के लिए निराशाजनक है मध्यवर्गीय परिवार, युवाओं के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। किसानों को भी बजट में छला गया है। बजट में केंद्र सरकार महंगाई पर लगाम लगाने का प्रयास नहीं की है।

भाजपा नेता एवं चेंबर पदाधिकारी **प्रेम आर्य** ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पेश मोदी सरकार के बजट से सभी वर्ग खुशहाल होंगें। इस बजट से सीमा शुल्क सुधारों, सोना-चांदी के सस्ता होने, इनकम टैक्स में राहत, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी और अमृत भारत ट्रेनों जैसी घोषणाओं को लेकर बड़ी उम्मीदें हैं। साथ ही आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना के दायरे के विस्तार की भी संभावना है। यह बजट लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

**कांग्रेस नेता नवनीत शुक्ला** ने बताया कि बजट 2026 पूरी तरह निराशाजनक है। इसमें युवाओं के रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता और केवल चुनिंदा वर्गों को लाभ पहुंचाने वाला है।

**भाजपा नेत्री दुर्गा साहू** ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाला एवं आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर करने वाला बजट है।

**कांग्रेस नेत्री अनिता विश्वकर्मा** ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इस बजट में युवा कृषकों और छत्तीसगढ़ राज्य के लिये कुछ भी नही है यह ठगने वाला बजट है। महिलाओं से लेकर व्यापारियों तथा नौकरी पेशा सभी के लिये निराशाजनक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि किसी भी क्षेत्र में कोई आधारभूत योजना नही बनाई गई है।

**भाजपा महामंत्री नितेश भारद्वाज** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और यह बजट उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। नए प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप सहयोग एवं रोजगारपरक योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बजट में बढ़ोतरी की गई है, जिससे विद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों एवं चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार संभव होगा।

**पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू** ने केंद्र के बजट को गरीब, किसान मजदूर विरोधी बताया। किसानों की आय को दोगुने करने की जो केंद्र द्वारा सरकार की घोषणा की गई थी। इसमें कोई उल्लेख नहीं है बेरोजगारी दर बढ़ रही है। इसके निदान के संबंध में बजट में व्यवस्था नहीं की गई है। इस बजट को कोई नंबर नहीं दिया जा सकता है। यह बजट कुल मिलाकर जीरो बटा सन्नाटा है यह मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखने वाला बजट है। इससे होना जाना कुछ नहीं है।

## आम जनता इस बजट से निराश हैः राजवाल



**मस्तूरी**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक राजवाल ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए 2026 के बजट को सपना दिखाने वाला और पांच प्रतिशत पूंजीपति को लाभ देने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा, सरकार महंगाई कम करने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहीं है, सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार ने युवा-महिलाओं और किसानों को ठगने का काम किया गया हैं। आम जनता इस बजट से निराश है।

## यह बजट बहुत ही अच्छा और किसान हितैषीः धीरेंद्र



**मस्तूरी**। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र दुबे ने कहा कि, यह बजट बहुत ही अच्छा और किसान हितैषी है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने के दिशा में कार्य स्वागत योग्य है। पशुपालन के लिए लोन पर सब्सिडी, मत्स्यपालन के लिए 500 जलाशयों का विस्तार, काफी किसानों के लिए योजना, अखरोट, बादाम के लिए किसानों को नई स्कीम लाई गई है।

## केन्द्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को दी राहत



**लोरमी**। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27के लिए केन्द्रीय बजट पेश किया। बजट को लेकर लोरमी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश भाजपा मंत्री विनय साहू ने कहा कि, केन्द्रीय बजट 2026 में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत दी है। यह बजट आम लोगों के लिए राहत भरी है। जनपद उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि, यह बजट आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी है। यह महिलाओं एवं महिला स्वसहायता समूहों को लाभ देने वाली है। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि, बजट में इंफ्रा विकास पर बल दिया गया है, संरचना विकास पर फोकस किया गया है। भाजपा नेता विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि, बजट में शहरों में बुनियादी ढांचों पर जोर दिया गया है।

## देश के सर्वांगीण विकास के लिए बजट प्रस्तुत किया गया



**गौरेला**। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया प्रस्तुत किया। बजट को लेकर लोगों की अलग-अलग प्रतक्रियाएं सामने आई हैं। इसी क्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों ने इस पर अपने विचार रखे हैं। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने बजट को आम जनता के हित में बताया। नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखने की बात कही। प्रणव कुमार मरपच्ची, विधायक मरवाही देश के सर्वांगीण विकास के लिए बजट प्रस्तुत किया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजट को बताया आत्मनिर्भर भारत के विकास की दिशा में निर्णायक कदम



केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

**सीपत**। भारतीय जनता पार्टी सीपत मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सीपत विश्राम गृह में सामूहिक रूप से लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण देखा। जैसे ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार संसद में बजट प्रस्तुत किया, वहां मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह और जिज्ञासा का माहौल दिखाई दिया।

बजट भाषण समाप्त होते ही उपस्थित पदाधिकारियों ने इसे समावेशी, विकासोन्मुखी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम बताया। जिला भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक ने कहा कि, यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के लिए किए गए प्रावधान इस बजट को मील का पत्थर बनाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य को मिलने वाले लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और रोजगार के क्षेत्र में इसका सकारात्मक असर दिखेगा। भाजपा सीपत मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि, यह बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाला है और ग्रामीण भारत को विकास की मुख्यधारा में और मजबूती से जोड़ने वाला साबित होगा। जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य मन्नू सिंह ठाकुर ने कहा कि, बजट 2026 में छत्तीसगढ़ के विकास की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। कृषि, आदिवासी अंचलों, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को नई दिशा देने वाले प्रावधान प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता ने कहा, यह बजट देश की आर्थिक मजबूती को और सुदृढ़ करेगा। बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्टार्टअप को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए नए अवसर खोले गए हैं। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष तुषार चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों को राहत, आदिवासी क्षेत्रों के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले प्रावधान प्रदेश के समग्र विकास को सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बजट को देश और छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नागेश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता, प्रदेश भाजयुमो ग्रामीण के विशेष आमंत्रित सदस्य ललित यादव, रमन गिरी गोस्वामी, वैभव तंबोली, प्रमोद शर्मा, दिनेश विजय, शुभम यादव, लालू साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपाइयों ने देखा बजट का प्रसारण बताया जनहितैषी

**मस्तूरी**। भारतीय जनता पार्टी मस्तूरी मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। सभी ने बजट के प्रस्तुतीकरण को आम जनता के हित में बताया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र दुबे, प्रदेश अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष राजेश्वर भार्गव, केंद्रीय बजट प्रभारी संतोष मिश्रा, मंडल महामंत्री अजय सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय अंचल, जिला कार्य समिति सदस्य पवन श्रीवास, किसान मोर्चा अध्यक्ष बसंत शुक्ला, नरसिंह पटेल, इंद्रजीत चौधरी, रमेश राज, कांति कुमार साहू, दिलहरण दिनकर, महेश ठाकुर, प्रकाश अवस्थी, मनीष सिंह ठाकुर, जय किशन साहू, गजानन प्रजापति, संजय गुप्ता, विजय निर्णेजक, प्रितेश अवस्थी सहित अन्य उपस्थिति रहे।

# भाजपा ने बजट को बताया क्रांतिकारी, कांग्रेस ने कहा-निराशाजनक

## विकसित भारत की नींव रखने पीएम व वित्तमंत्री का धन्यवादः धर्मजीत

विधायक धर्मजीत सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, केंद्रीय वित्तमंत्री ने तीन कर्तव्यों हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं की स्थापना, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और अस्पतालों के बारे में बात की है। मैं विकसित भारत की नींव रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री को धन्यवाद देता हूं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

संसद में पेश हुए केंद्रीय बजट को जहां भाजपाइयों ने देश के विकास का बजट बताया, वहीं कांग्रेस ने इसे निराशकजनक और देश की आजादी के बाद का सबसे खराब बजट बताया।

भाजपा पदाधिकारियों ने बताया क्रांतिकारी बजट- किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शहर दिनेश राजपूत ने कहा, केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने एवं सोलर ऊर्जा से जुड़ी सामग्री को सस्ता करने का निर्णय ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। इससे किसानों की खेती की लागत कम होगी और आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिप्रा सामुएल ने कहा, विकसित भारत की दिशा में बेहतरीन बजट पेश किया गया है। महिलाओं के लिए सी-मार्ट योजना का प्रावधान करके उन्हें कम ब्याज पर लोन उपलब्ध करा कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शानदार प्रयास किया गया है। छात्राओं के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने की घोषणा महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। भाजपा अल्पसंख्यक जिला महामंत्री गुलजीत खुराना ने कहा कि, यह बजट जनता को समर्पित है। यह इतना शानदार बजट है कि, विपक्ष इसके खिलाफ सिर्फ इसलिए बोल रहा है, क्योंकि वे इसकी क्वालिटी देखकर घबरा गए हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि, बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे कैंसर, डायबिटीज सहित अन्य गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी। कांग्रेस के सदस्यों ने बताया निराशाजनक- कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह ने कहा कि, इस बजट ने किसानों को ठगने का काम किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम कम नहीं किए, और न ही एक्साइज ड्यूटी घटाई गई। बजट आते ही शेयर बाजार गिर गया, क्योंकि न तो महंगाई कम करने के ठोस उपाय किए गए और न ही गरीब और मध्यम वर्ग को कोई राहत दी गई। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने बजट को गरीब, महिला और युवा विरोधी बताया।।उन्होंने कहा, सरकार से जितनी उम्मीद थी, और जिस तरह की बड़ी-बड़ी घोषणाएं लगातार की जाती रही हैं, बजट में उसका कोई असर नहीं दिखता। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने बजट को झुनझुना बताते हुए कहा कि, इसमें कुछ भी नहीं है। इसी वजह से सेंसेक्स नीचे गिर गया है, नगर पालिका कांग्रेस पार्षद मुन्ना श्रीवास ने कहा, बीजेपी सरकार ने पिछले ग्यारह साल में भारत देश की उम्मीदों को लगातार तोड़ा है। हर साल जब भी बजट आया है, उसने इस देश की गरीब जनता की जेब को ढीला कर दिया है। नपा कांग्रेस पार्षद पूजा बबलू गुप्ता ने कहा कि, आज केंद्रीय बजट में महिलाओं के लिए कुछ भी विशेष नहीं रहा। सरकार ने पहले ही गरीबों को महंगाई से राहत नहीं थी, अब इस बजट से घर का बजट बिगड़ेगा।

## सद्भाव पत्रकार संघ की बैठक में नई सदस्यता सहित लिए गए कई फैसले



**करगीरोड कोटा**। सद्भाव पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ की बैठक पाली विश्रामगृह में हुई। बैठक में कटघोरा, पाली पोड़ी, कोरबा, मुंगेली, कोटा सहित आसपास के पत्रकार उपस्थित हुए। इस बैठक में सदस्यता अभियान चला कर नए सदस्य बनाये गए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आरडी गुप्ता ने कहा कि हम 24 घंटे पत्रकार साथियों के दुख सुख में खड़े रहते हैं। पत्रकारों की समस्यायों के समाधान करने के लिए तत्पर रहते हैं। पत्रकारों में आपसी विश्वास,प्रेम सदभाव होगा तभी पत्रकारों का कल्याण होगा। संघ के संभाग अध्यक्ष कन्हैया यादव ने कहा कि निष्ठा, ईमानदारी से पत्रकारिता करते रहे। कहीं कोई समस्या आती है हम सब साथ खड़े हैं। इस अवसर पर प्रशांत गुप्ता, संदीप गुप्ता, अंकित सोनी, विकास तिवारी, सुचित मरावी, कमल महंत, प्रमोद दीवान, धनराज सिंह, गौतम कुमार, अजय महंत, क्रांति जायसवाल, दीपक भोई, श्रीराम यादव, प्रमोद, बादल दुबे, बिजय कश्यप, शशिमोहन, राजेश कुमार, रोहित जायसवाल सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। पाली कटघोरा कोरबा के सेंटर में एक 20 फरवरी को पत्रकार सम्मेलन कराने का फैसला लिया गया।

## आरतानी व लुनिया को व्यापार रत्न अलंकरण



**मुंगेली**। चेंबर के वरिष्ठ सदस्य नारूमल आरतानी एवं प्रेमचंद लुनिया को छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न अलंकरण से नवाजा गया। नगर के प्रमुख व्यापार जगत की दो दिग्गज हस्तियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए बिलासपुर में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर एवं बीएनआई बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्यापार और समाज में योगदान का सम्मान कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बताया कि यह सम्मान केवल व्यापारिक सफलता का नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाने का प्रतीक है। नारूमल आरतानी और प्रेमचंद लुनिया ने दशकों से व्यापारिक हितों की रक्षा और उद्योग जगत में नैतिकता के उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। सम्मान समारोह में बिलासपुर और रायपुर के चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ पदाधिकारी, बी.एन.आई. के सदस्य और बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यापारी उपस्थित थे। सम्मानित होने के पश्चात दोनों वरिष्ठ सदस्यों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में व्यापारिक जगत की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

## एबीयू की सॉफ्टबॉल टीम फास्टरपुर के खिलाड़ियों का चयन

**तखतपुर**। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर विश्वविद्यालय की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा प्रभारी अपनीत तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि, आल इंडिया साफ्टबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 4 फरवरी के बीच संत गाडगे बाबा विश्वविद्यालय अमरावती महाराष्ट्र में होगा। जिसके अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में फास्टरपुर महाविद्यालय से छात्र बाबूलाल चंद्राकर और तालवीट का चयन हुआ है।

# भाजपाइयों ने देखा बजट का लाइव प्रसारण



**मल्हार**। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को केंद्रीय बजट पेश किया जिसका लाइव प्रसारण मल्हार के वार्ड क्रमांक 3 ढभहापारा राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया, जहां प्रोजेक्टर लगाकर मल्हार मंडल के सभी कार्यकर्ताओं तथा नगर के जनप्रतिनिधि व नागरिक ने बजट का लाइव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम के प्रभारी जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने कहा कि, केंद्रीय बजट 2026-27 मोदी जी की विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने भी बजट की सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी बताया। मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा ने कहा कि, यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, छात्र युवा, मध्यम वर्ग महिलाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने वाला है, इस बजट से लघु उद्योग सूक्ष्म उद्योग तथा कृषि प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर महामंत्री रोहित कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष शांति शांडिल्य, लोकनाथ बंजारे, मंत्री व्यास नारायण, देवचरण यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, सभापति मिलूराम कैवर्त, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, विष्णु केवट, गीता कैवर्त, प्रमोद थवाईत, किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मदन वर्मा, बालमुकुंद वैष्णव, दीपक गुप्ता, मनालाल टंडन, श्याम घोष, सुरेश बंजारे, कौशल पटेल, मेलाराम पटेल, ममता चौहान, सरस्वती यादव, अजय रवि कैवर्त, सुनील गुप्ता, अनिल सिंह, सहित नपं मल्हार के कार्यकर्ता, मंडल के कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 6/1/2026

ग्राम मदनपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मदनपुर, प.ह.न. 12 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 463 रकबा 0.26 एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख सुधार के लिए आवेदक श्री पूनाराम पिता श्री झाडूराम, निवासी मदनपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 12/02/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 6/1/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9926446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)

## बजट प्रतिक्रिया

### भविष्य के लिए सकारात्मक : निलेश



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य निलेश गुप्ता ने बताया कि आज का बजट विकास और संतुलन का प्रयास है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे और डिजिटल विकास पर जोर दिया गया है, जो भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत हैं। मध्यम वर्ग और युवाओं को राहत व अवसर देने के प्रावधान सराहनीय हैं।।

### बजट स्वागत योग्य : सीए स्वधा



सीए स्वधा शुक्ला ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। इस बजट में आयकर के नियमों का सरलीकरण किया गया है। इससे भविष्य में आयकर विवादों में कमी होगी। विदेशी आय एव संपत्ति डिस्क्लोजर योजना भी उचित है। आयकर रिटर्न के समय सीमा में बढ़ोतरी से सलाहकार और कर दाता दोनों को राहत है। बजट में चिकित्सा सेवा और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है

### बजट से कर्मचारियों में खुशी नहीं : शर्मा



छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय बजट में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल, विदेश में पढ़ाई व इलाज सकारात्मक कदम है किंतु आठवें वेतनमान के लिए स्पष्टता व देश भर के कर्मचारी एनपीएस और यूपीएस से नाराजगी जता रहे थे उनके लिए (ओपीएस) पुरानी पेंशन योजना पुनः लागू नहीं करना नकारात्मक है, कर्मचारी जगत निराश हुए है।

### कर्मचारियों अधिकारियों में निराशा : चंद्रा



छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा ने कहा कि केंद्रीय बजट वर्ष 2026 -27 के लिए प्रस्तुत किया गया जो स्वागत योग्य है, लेकिन कर्मचारियों अधिकारियों के लिए आठवें वेतनमान सहित अन्य कोई भी राहत समाहित नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों अधिकारियों में निराशा है तथा युवा वर्ग के लिए शासकीय नौकरी के अवसर स्पष्ट नहीं है। जिससे युवा शक्ति के लिए बजट का प्रभाव असर हीन रहेगा। युवाओं के लिए इस बजट में रोजगार का अवसर प्रावधानित करना था जो नहीं किया गया।

### आम आदमी के लिए राहत : सीए विमल



सीए विमल अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 को अगर आसान शब्दों में समझें, तो यह बजट किसी बड़े तोहफे या झटके का नहीं है यह बजट बताता है कि सरकार फिलहाल चीज़ों को जैसे चल रही हैं, वैसे ही उनमें कुछ और जोड़कर और वैल्यू एडिशन करके थोड़ा संभालकर आगे बढ़ाना चाहती है। सरकार यह कहना चाहती है कि किसान की आमदनी को स्थायी बनाया जाए। मोबाइल और डिजिटल माध्यम से मंडी के दाम और मौसम की जानकारी देकर किसान को फैसले लेने में मदद करने की बात भी कही गई है। यह बजट सच में आम आदमी के लिए राहत और भरोसे का बजट बन सकता है।

### अपेक्षाओं पर खरा नहीं: कश्यप

कृषि सलाहकर नंद कश्यप ने बताया कि यह बजट किसान, मजदूर, आदिवासी समाज और ग्रामीण भारत की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। बढ़ती महंगाई, खेती की लागत में लगातार इजाफा, कर्ज के बोझ और गिरती आय से जूझ रहे किसानों के लिए बजट में न तो कर्ज माफी पर कोई ठोस पहल की गई और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने का प्रावधान किया गया। किसानों को किसी भी क्षेत्र में सब्सिडी की भी घोषणा नहीं है। किसानों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। ग्रामीण रोजगार और बेरोजगारी के सवाल पर भी बजट निराशाजनक है। मनरेगा को भी एक तरह से बदल दिया गया है और जहां पहले 100 प्रतिशत आबंटन केन्द्र से मिलता था अब राज्यों को इसमें 60 प्रतिशत राशि देनी होगी। रोजगार योजनाओं को मजबूत करने, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बजट में कोई स्पष्ट दिशा दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या और गहरी होने की आशंका है। कुल मिलाकर यह बजट ज़मीनी सच्चाइयों से दूर, आंकड़ों और घोषणाओं का बजट है, जिसमें देश के अन्नदाता और मेहनतकश वर्ग की अपेक्षाओं की अनदेखी की गई है।

### बजट में जनता की थाली पर वार: आप

आप पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने इस बजट को "आम जनता के सपनों का गला घोंटने वाला दस्तावेज़ बताया। बड़े उद्योगपतियों और चुनिंदा कॉर्पोरेट घरानों को खुली छूट देने का ऐलान है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सरकार ने टैक्स राहत के नाम पर जो दिखावटी घोषणाएं की हैं, वे महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए "ऊंट के मुंह में जीरा" साबित होंगी। अभिषेक मिश्रा ने बजट को "युवा विरोधी और रोजगार शून्य" करार दिया है। स्थायी रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं है और सरकारी भर्तियों पर चुप्पी साधी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला का कहना है कि बजट 2026 ने एक बार फिर अन्नदाता को ठगा है।

### एयरपोर्ट को नहीं मिला अनुदान

आम बजट में बिलासा एयरपोर्ट को उपेक्षित करने के मामले में हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने विरोध दर्ज कराया है। 4 सी श्रेणी विस्तार के लिए फंड नहीं मिलने से निराशा हाथ लगी है। समिति ने कहा कि पिछले माह दिल्ली में धरना के दौरान केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू व केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात के दौरान 4 सी श्रेणी एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़ की मांग की गई थी। यह मांग अनुदान स्वरूप देने की बात कही गई थी लेकिन श्री नायडू के सकारात्मक रवैये के बाद भी बिलासा एयरपोर्ट आम बजट में उपेक्षित रहा। समित ने कहा कि आश्वासन के बाद भी एयरपोर्ट के लिए फंड नहीं मिला है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अब राज्य सरकार से एयरपोर्ट के लिए आगामी वार्षिक बजट में 200 करोड़ की मांग की है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में विस्तार करने 500 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इस फंड से रनवे का विस्तार, नया टर्मिनल भवन, नई एटीसी टावर आदि सुविधाएं बनाई जाएगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना में रवि बनर्जी, नारद श्रीवास, बद्री यादव, शिरीष कश्यप, केशव गोरख, हर प्रसाद कैवर्त, अमर बजाज, मजहर खान, गोपी राव, प्रतीक तिवारी, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## आम बजट को भाजपा ने बताया सराहनीय, कांग्रेस ने कहा निराशाजनक

# अरूण ने विकसित भारत निर्माण का, अमर ने बताया देश की अर्थव्यवस्था को ऊपर ले जाने वाला बजट



बजट भाषण का श्रवण करते डिप्टी सीएम अरुण साव और विधायक अमर अग्रवाल सहित अन्य प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय बजट को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में उप-मुख्यमंत्री अरूण साव और बजट के प्रदेश संयोजक बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कल्याणकारी, विकासोन्मुख और सर्वसमावेशी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए इस बजट की सबसे महत्त्वपूर्ण घोषणा जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी है। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित 8 राज्यों में जनजातीय वेधशालाएं स्थापित करने का निर्णय लिया है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पीवीटीजी बस्तियों को जोड़ने के लिए सड़क निर्माण के लिए अतिरिक्त बजटीय आवंटन किया गया है।

राज्य के जनजातीय स्कूलों में खेल सुविधाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए वार्षिक रूप से खेल हब विकसित किए जाएंगे। इसी प्रकार राज्य में खनिज परिवहन और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलवे को प्राथमिकता दी गई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए केन्द्र और राज्य की साझा योजनाओं पर भी जोर है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में 8 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए केन्द्रीय सहायता का हिस्सा बढ़ाया गया है। राज्य के किसानों को डिजिटल रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन को यहां तेजी से लागू किया जाएगा। दुलर्भ खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के खनन उद्योगों को मिलेगा, जिससे राज्य में निवेश की संभावनाएं बढ़ेगी। श्री साव ने कहा कि यह बजट मछली पालन, पशुपालन, लघु व सीमांत किसानों, छोटे व्यापारियों और श्रमिक वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

### अर्थव्यवस्था का होगा विकासः अमर

इस अवसर पर केन्द्रीय बजट के प्रदेश संयोजक बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बजट में लघु उद्योगों के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान कर औद्योगिक क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि बजट में रेल, सड़क, स्वास्थ्य और परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही दवाईयों की कीमतें कम करने, खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने तथा निर्यात को प्रोत्साहित कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का रोडमैप भी इसमें शामिल है। महिला सशक्तिकरण, पर्यटन क्षेत्र में 20 हजार से अधिक रोजगार, ई-बस सेवा विस्तार जैसे प्रावधान यह दर्शाते हैं कि यह बजट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी देश को सशक्त बनाने वाला है। अमर ने इसे विकसित भारत की बढ़ता विकास का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट देश को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से ऊपर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में विदेशी निवेश को आकर्षित करने पर विशेष जोर दिया गया है जिससे भारत को विश्व का आर्थिक हब बनाने की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए रोजगार, व्यापार और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दी गई है। छत्तीसगढ़ को माइनिंग सेक्टर का मजबूत केन्द्र बनाने का लक्ष्य भी इस बजट में रखा गया है जिससे अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### आम जनता को सीधा लाभ होगा : धरमलाल



बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती की सीमा 75 हजार रुपए किए जाने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा दो गुनी कर 1 लाख रुपए कर दी गई है। उन्होंने बताया कि लिथियम आयरन बैटरी सहित 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त किए जाने से इलेक्ट्रानिक उत्पाद सस्ते होंगे। जिससे आम जनता को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का ये रोडमेप है और इसका लक्ष्य विकसित भारत है। इसमें नियमों को सरल और करदाता अनुकूल बनाने बजट में प्रावधान है। स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती दवाइयां विशेष कर कैंसर के इलाज के लिए 17 नई दावों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। मरीज को इलाज सस्ता मिलेगा। केंद्र सरकार का यह बजट काफी उपयोगी एवं सराहनीय है। इससे समाज के हर वर्ग लाभान्वित होगा। किसानों एवं आम जनता के लिए फायदेमंद साबित होगा। यह बजट स्वागत योग्य है। दुलर्भ खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के खनन उद्योगों को मिलेगा।

### माइनिंग कॉरीडोर में छग को शामिल करना मील का पत्थर : हर्षिता

भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय ने प्रस्तुत बजट को महिला शक्ति को महत्व देने वाला जनोन्मुखी बताया।



उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अवधारणा के अनुरूप वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खोलने की घोषणा की है। इस निर्णय से आधी आबादी को बेहतर पढ़ाई के अवसर मिलेंगे। श्रीमती हर्षिता ने कहा कि छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल में माइनिंग कॉरीडोर बनाने का फैसला मिल का पत्थर साबित होगा। सेमी कंडक्टर के लिए 40 हज़ार करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य है, क्योंकि रायपुर ने सेमी कंडक्टर निर्माकन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा दिया है।

### बजट विकसित भारत की ओर बड़ा कदम :दुबे

सीएमडी कालेज के चेयरमैन संजय दुबे ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में शिक्षा क्षेत्र को विशेष



प्राथमिकता दी गई है। बजट में विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, डिजिटल शिक्षा के विस्तार, शिक्षक प्रशिक्षण, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और रोजगारोन्मुख अवसर प्राप्त होंगे। यह बजट देश के शैक्षणिक भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। रेलवे, एग्रीकल्चर सहित अन्य क्षेत्रों में विकास की अवधारणा को ध्यान में रखकर बजट प्रावधान किए गए हैं। बजट में विकसित भारत की दृष्टि दिखाई दे रही है।

### विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला बजट : सुशांत

विधायक सुशांत शुक्ला ने इसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का



तीसरा प्रस्तुत बजट आत्म निर्भर एवं विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होने वाला है। यह बजट मध्यम वर्ग को कर राहत, किसानों को समृद्ध बनाने वाला बताया। इससे आम जनता काफी खुश हैं। राहत भरा बजट प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली एवं समृद्धि लेकर आएगा। यह केंद्रीय बजट प्रदेश का ऐसा बजट है जिससे समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा। दवाईयां सस्ती होंगी, मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

### कठिनाइयों को कम करने वाला बजटः केडिया



छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिश केडिया ने कहा कि केन्द्रीय बजट विकासन्मुखी एवं कठिनाईयों को कम करने वाला है। देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे नंबर में बढ़ाने की दिशा में मददगार होगा। लघु उद्योगों के लिए 10 हजार करोड़ का फंड बनाने की घोषणा उत्साहवर्धक है। औद्योगिक उत्पादन का अत्यंत जरूरी क्षेत्र सेमी कंडक्टर का उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही इनकम टैक्स की छोटी गलतियों पर सजा नहीं बल्कि जुर्मानें का प्रावधान बेहतर कदम है। इससे मुकदमेबाजी भी कम होगी। इज आफ डुईंग बिजनेस सरलता से व्यापार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रेपर अर्थ मिनरल में अनुसंधान एवं खोज अत्यंत महत्वपूर्ण घोषणा है। इससे चीन सहित विदेशी निर्भरता कम होगी और देश में औद्योगिक एवं खनिज उत्पादन का नया क्षेत्र प्रारंभ होगा। लघु एवं मध्यम उद्यमी इस बजट से प्रसन्न होंगे, ऐसा माना जा सकता है।

### विकसित भारत की नींव रखने वाला सर्व समावेशी बजट : मनीष



भाजपा के पूर्व एल्डरमैन मनीष अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2026-27 का आम बजट विकसित भारत की नींव रखने वाला सर्व समावेशी बजट है। बजट में विभिन्न वर्गों, हर राज्य को लाभान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। कर सुधार और सरलता पर भरोसा नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा।

### रोजगार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा : सवन्नी



क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण की सिफारिशों पर आधारित यह बजट महंगाई पर काबू पाते हुए रोजगार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। यह बजट न केवल आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा, बल्कि सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करके एक समावेशी भारत का निर्माण करेगा। सरकार की यह पहल देशवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### खेल मिशन की स्थापना स्वागत योग्य : यादव



भाजपा युवा नेता शैलेंद्र यादव ने कहा कि 2026 के बजट में युवाओं के लिए एआई भारत विस्तार की योजना और खिलाड़ियों के लिए खेलो मिशन की स्थापना। स्वागत योग्य पहल है एम्स स्तर की तीन आयुर्वेदिक संस्थान खोले जाएंगे। जिसका स्वागत करते है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को मजबूत करने वाला है। यह बजट किसानों के लिए समृद्धि लाएगा।

### विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजटः रौशन



भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भाजपा युवा नेता रौशन सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट समावेशी विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, मध्यवर्गीयों को तवज्जो दिया गया है जो सराहनीय है। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित 8 राज्यों में जनजातीय वेधशालाएं स्थापित करने का निर्णय लिया है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पीवीटीजी बस्तियों को जोड़ने के लिए सड़क निर्माण के लिए बजटीय आवंटन किया गया है।

### संतुलित एवं आत्मविश्वास से भरा हुआ बजट है : देवेश सोनी



भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश सोनी ने बताया कि बजट युवा शक्ति का बजट है। इस बजट से राज्यों को ताकत मिलेगी। मछली पालन को प्रोत्साहन मिलेगा। चंदन के किसानों को प्रोत्साहन होगा। यह बजट बहुत ही संतुलित एवं आत्मविश्वास से भरा हुआ बजट है। यह केंद्र सरकार का बजट पर्यटन को बढ़ावा देने वाला बजट है। कृषि पर फोकस किया गया है। देश में तीन एम्स खोलने की घोषणा देश को विकास की गति को तेज करने वाला बजट है। कुल मिलाकर सभी को लाभांवित करने वाला बजट है। बजट से प्रदेश का चौमुखी विकास की संभावना है।

### बजट में हर वर्ग की चिंता की गई है : मोहित

भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने बताया कि बजट में हर वर्ग की चिंता की गई है। किसान, गरीब, युवा हर कोई इस बजट से बेहद खुश है। 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। यह निर्णय मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत की बात है। विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाले ऐतिहासिक केंद्रीय बजट 2026-27 ने देश की प्रगति को एक नई दिशा दी है। राज्य के किसानों को डिजिटल रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन को यहां तेजी से लागू किया जाएगा। दुलर्भ खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के खनन उद्योगों को मिलेगा, जिससे राज्य में निवेश की संभावनाएं बढ़ेगी।

## कांग्रेस की प्रतिक्रिया

### अब तक का सबसे कमजोर बजट : विजय



पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि अब तक का सबसे कमजोर बजट है ,जिसमे किसान,मजदूर, निम्न ,मध्यम वर्ग और आम जनता के हिस्से में कुछ नही आया। उद्योगपतियों के लिए लाभप्रद है, विजन 2047 की है पर वर्तमान कष्ट प्रद, संकट में है। इस बजट में महंगाई को रोकने के लिए कोई चर्चा नही है। आज शेयर मार्केट में लगभग 6 लाख करोड़ निवेशकों का डूब गया ,मोदी सरकार ने इस बजट में सबसे ज्यादा चोट शिक्षा पर की है, बजट निराशा पूर्ण है।

### बजट निराशाजनक रहा : अटल



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय बजट में मोदी सरकार और वित्त मंत्री ने फिर एक बार देश की आम जनता को छला। बजट का पिटारा पूरी तरह खाली न महिलाओं के लिए न युवाओं के लिए न किसानों के लिए कोई भी बात नहीं की गई है। शेयर मार्केट का गिरना यह बता रहा है कि व्यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है। बजट निराशा जनक रहा।

### बजट से किसान-युवा निराश, पूरी तरह फेलः टाह



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल टाह ने कहा कि यह बजट न तो किसानों के हित में है और न ही युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करता है। यह बजट पूरी तरह से फेल है और इससे देश की बड़ी आबादी को कोई राहत नहीं मिली है। रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस और प्रभावी योजना नजर नहीं आती। बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, बजट में उनके लिए नए अवसर पैदा करने की दिशा में कोई मजबूत कदम नहीं उठाया गया।

### बजट किसानों के हित में और नहीं युवाओं केः गंगोत्री



बजट पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री ने कहा कि यह बजट न तो किसानों के हित में है और न ही युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करता है। पूरे शेयर बाजार की गिरावट ने भी यह साफ कर दिया है कि बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। यह बजट पूरी तरह से फेल है, उन्होंने कहा कि बजट के बाद शेयर बाजार में आई बड़ी गिरावट खुद इस बात का प्रमाण है कि बाजार और निवेशकों ने भी इसे नकार दिया है।

### बजट में छग एक बार खाली हाथ रह गयाः प्रमोद



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि सरकार के सामने छत्तीसगढ़ के हितों की बात कहने का नैतिक साहस किसी भी सांसद में नहीं था। छत्तीसगढ़ में भाजपा का डबल इंजन सरकार का दावा फिर एक बार जुमला साबित हुआ। छत्तीसगढ़ के लिए कोई योजना ना कोई पैकेज ना कोई फायदे की बात केंद्रीय बजट में नहीं की गई है।

### कॉरपोरेट जगत के लिए बनाया गया बजट : राय



प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि युवा दो करोड़ रोजगार इस बजट में खोजते रह गए। नौकरी पेशा वर्ग इनकम टैक्स के स्लैब में बढ़ोतरी की धारणा को पाले हुए रह गए। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग, मजदूर वर्ग और नौकरी पेशा वर्ग की कोई बात इस बजट में नहीं की है। बजट पूरी तरह से कॉरपोरेट जगत के लिए बनाया गया है।

## ऑल ब्रीड डॉग स्पर्धा में डॉग लवर्स ने लिया हिस्सा

# शो में डॉग्स ने रिंग फायर, लांग जंप व कई एक्टिविटी कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केनाइन क्लब द्वारा 15वाँ ऑल ब्रीड डॉग शो रविवार को आयोजित किया गया, त्रिवेणी भवन परिसर में इस शो में देश-प्रदेश से प्रशिक्षित विभिन्न ब्रिड के डॉग्स ने हिस्सा लिया।

सुबह 11 बजे से पंजीयन से प्रारंभ हुआ, यह शो देर रात तक चलता रहा बड़ी संख्या में प्रशिक्षित डॉग्स पहुंचे जिनके हैंडलर द्वारा रिंग फायर,लांग जंप व कई तरह की एक्टिविटी का प्रदर्शन से दर्शकों को आकर्षित किया। यह आयोजन डॉग लवर्स के साथ-साथ प्रशिक्षण और नस्ल सरंक्षण का संदेश दिएं, इस स्पर्धा का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी जजों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्रुमिंग कंपटीशन,बेस्ट कपल डॉग,जुनियर व महिला हैंडलर सहित कई तरह के स्पर्धा






हुई। इसमें प्रदेश के अलग-अलग जिले से पालतू डॉग्स व उनके हैंडलर ने हिस्सा लिया। उन्होंने डॉग्स के हेयर स्टाइल, बेहेवियर, वजन पैट्स को नंबर दिए। इसक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी रहीं, उन्होंने डॉग्स शो के आयोजन की प्रशांसा की। मोंटी सोनी ने बताया कि उनकी संस्था 15 साल से शहर में डॉग शो करा रही है। इसका उद्देश्य आम लोगों में पशुओं के प्रति जागरूकता लाना है ताकि उनके साथ अमानवीय व्यवहार ना हो। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, कोरबा, भिलाई समेत कई जिलों से हैंडलर अपने डॉग्स के साथ हिस्सा लिया।

### 20 से अधिक डॉग्स ने प्रदर्शन किया गया

संस्थाओं का किया गया सम्मान

पशुओं के कल्याण के लिए काम करने वाली सम्मानित टीमों ने गौ रक्षक टीम, स्नेक रेस्क्यू टीम और आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाली टीम शामिल थीं। संस्था के सदस्यों ने कहा कि कुत्तों को एक सिक्यूरिटी गार्ड के तौर पर ना पाला जाए। उनके साथ लोगों का जुड़ाव हो।

### इन ब्रीड के डॉग्स ने लिया भाग

प्रतियोगिता में 20 से अधिक प्रजातियों के डॉग्स पहुंचे थे, इन्हें देखने बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे। इस डॉग शो में लैब्राडोर, गोल्डन रिट्रीवर, नियपोलिटन मास्टिफ, फ्रेंच मास्टिफ, इंग्लिश मास्टिफ, जर्मन शेफर्ड, ल्हासा अप्सो, बुलडॉग, पग, रोटवीलर, समोयड, पूडल, व्हीप्पेट जैसी प्रजातियों के कुत्ते को लेकर हैंडलर पहुंचे थे।

**खबर संक्षेप**

### अलग-अलग घटना में दो पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में दो युवकों से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के



घायल।

अनुसार, तारबाहर निवासी शहनवाज खान 31 जनवरी की रात 11 बजे डीपूपारा तालाब के पीछे बरगद पेड़ के पास बैठे थे। उसी समय तारबाहर निवासी आदिल कुरैशी, शेख आमिन बाइक से आए। आदिल ने उन्हें कहा मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखाया तेरे को बताता हुं कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान आदिल ने चाकू से बाए हाथ के भुजा में हमला कर दिया। दूसरी घटना में अरमान दास मानिकपुरी पिता अशोकदास मानिकपुरी 31 जनवरी की रात 9 बजे अपने घर के पास दुकान जा रहे थे। भूंकप अटल आवास सरकारी स्कूल के पास उनका दोस्त अमन साहू जमीन में पड़ा हुआ था। पीछे से खून निकल रहा था। उन्हें अमन साहू ने बताया पुरानी रंजिश में मोहल्ले के सागर सारथी, प्रकाश, राहुल सूर्यवंशी ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया है। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### करंट से कर्मी की मौत संचालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एल्युमीनियम सेक्शन लगाते समय करंट से कर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद बेकरी संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 3 दिसंबर 2025 को चकरभाठा नयापारा चौक स्थित आदर्श बेकरी में तालापारा निवासी लव कुमार कुर्रे पिता सदन कुर्रे एल्युमिनियम सेकशन लगाने का काम कर रहा था। उसने छत में एल्युमीनियम पाइप उठाया तो ऊपर से गुजरे11 केवी बिजली तार के संपर्क में आकर करंट से झुलस गया। उसे इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने आदर्श बेकरी के संचालक सुनील मलघानी उर्फ कट्टी सिंधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### धर्मान्तरण कराने की कोशिश, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रार्थना की आड़ में प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का कोशिश करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, हिंदू धर्म विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक चांटीडीह निवासी गौरव धनकर पिता मंगलूराम धनकर ने रिपोर्ट लिखाई। 1 फरवरी को सुबह 8.30 बजे कार्यकर्ता के माध्यम से सूचना मिली सूर्या विहार रायल पैलेष के पीछे रहने वाले जेम्स सिंह अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू लोगों को एकत्रित कर प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की कोशिश कर रहा है। वे कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर जाकर हंगामा मचाते हुए धर्मपरिवर्तन का विरोध किया गया। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जेम्स सिंह को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने श्री धनकर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर जेम्स सिंह को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

**शाम होते ही छा जाता है अंधेरा** — सेतु विभाग की लापरवाही पड़ रही है भारी, रोजाना यहां से गुजरते 10 हजार से अधिक वाहन

# लालखदान ब्रिज पर उखड़ा डामर, धूल से हलाकान हो रहे यहां से गुजरने वाले



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिलासपुर।** लालखदान ओवर ब्रिज इन दिनों खस्ताहाल है। रोजाना 10 हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही होने के कारण ब्रिज पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं। सड़क की हालत यह है कि गड्ढों के कारण ब्रिज के बीच से गाड़ी नहीं चल रही है, लोगों को गाड़ी खराब होने का अंदेशा रहता है, ऐसे में ब्रिज के किनारे से गाड़ी निकलने की नौबत आ चुकी है।

सेतु विभाग द्वारा बनाए गए लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। हर साल बारिश के बाद अंडर और ओवर ब्रिज के मरम्मत व रखरखाव का काम करने वाले सेतु विभाग के अधिकारियों को ब्रिज की हालत का अंदाजा तक नहीं है। एसी चेंबर में बैठने वाले अधिकारी फिल्ड में निकलकर इन ब्रिज की हालत नहीं देख पा रहे हैं। लालखदान ब्रिज से होकर गुजरना लोगों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। बताया जा रहा है कि सड़क का डामर उखड़ चुका है। यहां से रोजाना 10 हजार से अधिक वाहन गुजर रहे हैं, जिसके चलते सड़क पर धूल उड़ रही है। सबसे ज्यादा मुसीबत लालखदान क्षेत्र के रहवासियों को उठानी पड़ रही है, धूल के कारण उनके घरों में मिट्टी की परत जम चुकी है, ब्रिज के नीचे से गई मोहल्ले का हाल बेहाल है। स्वास्थ्यगत कारणों के चलते बच्चे और बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### अंधेरे के कारण होती है दुर्घटना

ब्रिज पर लाइट लगाई गई है, लेकिन शाम होते ही ब्रिज पर अंधेरा छा जाता है। दरअसल केबल कटने के कारण कई दिनों तक बिजली बंद रहती है, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। वहीं क्षेत्र में आए दिन होने वाली घटनाओं के कारण क्षेत्र पूरी तरह से असुरक्षित है, लेकिन इसके बावजूद सेतु विभाग के अधिकारियों के द्वारा मेंटनेंस नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार विभाग के अधिकारी अनुवल रिपेयरिंग के लिए आए फंड का उपयोग अन्य कार्यों में कर दिया गया है, जिससे चलते ब्रिज की मरम्मत नहीं हो पा रही है, अधिकारी अब नए वित्तीय सत्र का इंतजार कर रहे हैं।

शाम पौने छह बजे पेपर छूटते ही सड़क पर दुपहिया-चारपहिया वाहनों की भरमार

# ट्रैफिक जवान पस्त, सिग्नल फेल, मुख्य मार्गों सहित गलियों में भी लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में रविवार को दो पालियों में आयोजित टेट की परीक्षा ने शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त कर दी। पहली पाली की परीक्षा के बाद स्थिति फिर भी ठीक ही थी, लेकिन शाम पौने छह बजे दूसरी पाली की परीक्षा छूटते ही शहर में एकाएक दुपहिया व चारपहिया वाहनों की बाढ़ सी आ गई। मेनरोड पर भारी भीड़ से बचने लोग गलियों का सहारा लेकर जल्दी पहुंचने का प्रयास करते रहे, लेकिन गलियों में भी लंबा जाम लगा रहा। यह स्थिति किसी एक सड़क की न होकर पूरे शहर की थी।

- दो पालियों में आयोजित हुई टेट की परीक्षा

दो पालियों में आयोजित टेट की परीक्षा ने शहर को दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों से पैक कर दिया। यह तो अच्छा हुआ कि रविवार का दिन होने एवं भारत बंद के कारण शहर की ज्यादातर दुकानें बंद थीं, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम था, नहीं तो रविवार अवकाश के कारण अपने-अपने परिवार को लेकर शॉपिंग करने सड़कों पर निकलने वाले शहरवासियों के वाहन भी जाम में वाहनों की संख्या बढ़ा जाते।

शाम पौने छह बजे टेट की दूसरी पाली की परीक्षा छूटते ही लोग अपने-अपने परिजन को परीक्षा केंद्रों से लेकर घरों की ओर लौटे। एक ही समय में बड़ी संख्या में गाड़यों की सड़क पर आवाजाही से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। परीक्षार्थियों के कारण अशोक नगर चौक, सीपत चौक, नेताजी चौक, सरकंडा बंगालीपारा की सारी गलियों,






इंदिरा सेतु, रामसेतु वाला पुल, रिवर व्यू रोड, नेहरू चौक, जरहाभाठा चौक, मंगला चौक, गांधी चौक, सीएमडी चौक सहित पूरे शहर में जाम की यही हालत रही। हालांकि जाम की स्थित केवल आधे घंटे ही रही। आधे घंटे के भीतर ही सारे वाहन अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए, वहीं शहर से बाहर की गाड़यों ने भी आऊटर की ओर रूख कर लिया, जिससे शहर के भीतर जगह खाली होती गई।

### वाद-विवाद की स्थिति बनी रही

शहर के ट्रैफिक सिग्नलों पर लंबी लाईनों में खड़े वाहन चालक ग्रीन सिग्नल होने एवं सिग्नल पार करने के प्रयास में नजर आए। इस दौरान जल्दी आगे बढ़ने को लेकर लोगों के बीच कहासुनी भी होती रही। कई स्थानों पर वाहनों की आपस में आगे-पीछे टक्कर हो जाने के कारण झगड़े की स्थिति भी निर्मित होती रही। चौराहों पर ट्रैफिक जवान मौजूद तो थे, लेकिन इतनी भीड़ को नियंत्रित करने के कारण वे भी बेबस व हलाकान नजर आए।

### लोकसभा-राज्यसभा के विधेयक सबंधित प्रश्न पूछे गए

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को शिक्षक पात्रता की परीक्षा ली गई,यह परीक्षा दो पालियों में हुई। जिले में टैट के एग्जाम में 48 हजार अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था,पहली पाली की परीक्षा प्राईमरी शिक्षकों के लिए सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे चली। जिसमें 54 केन्द्र बनाएं गए थे, इसमें 16 हजार 361 परीक्षार्थी मौजूद रहे व 1 हजार 755 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में मीडिल कक्षाओं के लिए परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 बजे तक हुई। इसके लिए 98 सेंटर बनाए गए थे,जिसमें 27 हजार 689 परीक्षार्थी मौजूद रहें व 2 हजार 620 अभ्यर्थी परीक्षा दिलवाने नहीं पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए पहली पाली के लिए मुख्य द्वार सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 2:30 बजे बंद कर दिया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि ढाई घंटे की इस परीक्षा में डेढ सौ नंबर के प्रश्न पूछे गए,जिसमें किसी भी प्रकार का माइनस अंक नहीं थे। प्रश्नपत्र में महिला कानून,मौलिक कर्तव्य, छत्तीसगढ के मेले का मासों का क्रम,लोकसभा-राज्यसभा के विधेयक व वनदेवी के उपाधि के बारे में जैसे प्रश्न पूछे गए।

## एसएसपी ने कोतवाली, सीपत टीआई को लगाई फटकार, बाबू को भगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले कोतवाली व सीपत टीआई को जमकर फटकार लगाई और बाबू को मीटिंग से भगा दिया।

31 जनवरी को एसएसपी रजनेश सिंह जिले के थाना, चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। उन्होंने 30 जनवरी को पचरीघाट डैम के उपर गुण्डा बदमाश सानू हुसैन की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं एक आरोपी विकास तिवारी जेल से छूटकर बाहर आया था। दोनों के बीच विवाद चल रहा था। दोनों के खिलाफ पूर्व में प्रभावी कार्रवाई नहीं करने पर कोतवाली टीआई को जमकर फटकार लगाई। इसी तरह सीपत टीआई को अवैध शराब पर कार्रवाई नहीं करने पर फटकार लगाई। बैठक के दौरान श्री सिंह के संज्ञान में आया दूसरे प्रदेश में अपराधी के पतासाजी करने जाने पर एसपी आफिस से टीए की राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने बाबू से इस संबंध में पूछताछ किया, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर फटकार लगाते हुए बाबू को मीटिंग से भगा दिया। श्री सिंह ने 2025 के पहले अपराधों की समीक्षा कर थानेदारों को उसके शीघ्र निराकरण करने का आदेश दिया गया। इसी तरह 2025 के पेंडिंग मर्ग की समीक्षा कर थानेदारों पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र निराकरण करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने थानेदारों को सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र में पुलिसिंग करने की जानकारी दी।



- एसएसपी ने ली क्राइम मीटिंग

बताया जाता है बीट प्रभारी अपने अपने क्षेत्र लोगों को जोड़कर वाट्सएप ग्रुप बनाएंगे। इसके माध्यम से लोगों को साइबर फ्राड, आनलाइन ठगी के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अलावा बीट में होने वाले अवैध गतिविधियों की जानकारी लेकर प्रभावी कार्रवाई करेंगे। शीघ्र सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पुलिसिंग शुरू हो जाएगी।

## ड्राइवर से मारपीट कर कार व पर्स लूटकर भागे युवक, कोरिया पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** देर रात रतनपुर मार्ग नेशनल हाइवे में दो कार सवार चार युवकों ने एक अन्य कार चालक के साथ मारपीट कर उसमें सवार महिलाओं को नीचे उतार दिया और कार के साथ महिलाओं का पर्स लूटकर भाग गए। कोरिया पुलिस ने कार सवार युवकों को पकड़ लिया है। बताया जा रहा मामला लेनदेन का है। बहरहाल पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा दीपका तिवरता निवासी ड्राइवर विजय कुमार राज तीन महिलाओं को शिफ्ट डिजीयर क्रमांक सीजी 10 बीई, 3400 में बिल्हा मेला लेकर गए थे। रात में वे तीनों महिलाओं को लेकर दीपका लौट रहे थे। रात 3.35 बजे विजय कुमार राज ने नेशनल हाइवे रानीगांव हाइवे किंग ढाबा के पास सड़क किनारे कार खड़े की। इसी दौरान क्रेटा एव एक अन्य वाहन से चार युवक आए और ड्राइवर के साथ मारपीट कर उनकी कार की चाबी लूटकर कार में बैठी महिलाओं को नीचे उतारकर कार सहित तीनों महिलाओं का पर्स लेकर अम्बिकापुर की ओर भाग गए। महिलाओं के पर्स में 4 से 6 हजार रुपए नकद रखा हुआ था। ड्राइवर की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के जिलों में लुटेरों के भागने की जानकारी दी। कोरिया पुलिस ने चर्चा में घेराबंदी कर लूटकर भाग रहे चारों युवकों को कार सहित पकड़ लिया है। कोरिया के कोतवाली थाने में युवकों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है लेनदेन के मामले में चारों युवक कार लेकर भाग थे।

### ग्राहकों के लिए डाक विभाग का विशेष अभियान आज

**बिलासपुर।** भारत सरकार के उत्पाद डाक जीवन बीमा स्थापना दिवस 1 फरवरी के अवसर पर संभाग के सभी नागरिकों को डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं से जोड़ने के लिए 2 फरवरी को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डाक अधीक्षक ने बताया कि जीवन बीमा स्थापना दिवस के अवसर पर बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, गौरेला- पेंड्रा मरवाही, सक्ती एवं जांजगीर जिलों में नागिरकों को डाक घर की बीमा सेवाओं से जोड़ने के लिए विशेष कैंप एवं शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों को बीमा सेवाओं की विशेषआतों की जानकारी प्राप्त कर सके।

## दिनदहाड़े कार में आग लगाकर दहशतगर्दी मचाने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिनदहाड़े पेट्रोल डालकर कार में आग लगाकर दहशतगर्दी मचाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबानगर निवासी दीपक सिंह पिता अवतार सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 1 फरवरी को उनकी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 9087 घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान उनका भांजा श्रेयांस सिंह कंडा अपने अन्य साथियों के साथ आया और उनकी कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उसके बाद श्री सिंह को जान से मारने की धमकी देते हुए दहशतगर्दी मचाने लगा। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने पतासाजी कर दहशतगर्दी मचाने वाले श्रेयांस सिंह कंडा पिता सरनजीत सिंह 21 साल मंगला चौक, मौरिस रोडनी मार्टिन पिता केग मार्टिन 19 साल विनोबानगर, आनंद दास पिता ईश्वर दास 20 साल दयालबंद निवासी को पकड़ लिया। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 326 एफ, 351, 3, 3, 5 के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक आरोपी के खिलाफ थाने में 7 मामले दर्ज

एक आरोपी श्रेयांस सिंह कंडा आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ तारबाहर में पहले से 3, सिविल लाइन में 3 व सिरगिट्टी में मारपीट के 2 मामले दर्ज है। वह लगातार सक्रिय होकर गुण्डागर्दी कर रहा है।






## मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए

**बिलासपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने फिर से नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की है। शनिवार को मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए। इस दौरान सड़क में रखे दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही चौक में अवैध रूप से संचालित हो रहे ठेला व गुमटियों को जब्त किया गया। दुकानदारों को सामान बाहर न रखने की चेतावनी दी गई है। खासतौर पर मगरपारा के तैयबा चौक, ईदगाह चौक और बजरंग चौक पर अवैध रूप से कब्जों को हटाया गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया।

बीते कुछ दिनों से नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी दस्ता की कार्रवाई बंद थी। शनिवार की सुबह से दस्ता फिर से सक्रिय हो गया। इसी के तहत अतिक्रमण टीम ने मगरपारा चौक से कार्यवाही शुरू की और सड़क पर दुकान लगाने वालों को सामान जब्त करना शुरू किया। साथ ही इस दौरान सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क के दायरे से बाहर दुकान लगाए, अन्यथा अगली बार भी सामान के साथ ठेला व गुमटी भी जब्त कर ली जाएगी।



### इन सड़कों पर भी चली कार्रवाई

निगम की टीम ने शहर के अन्य सड़को के तहत पुराना बस स्टैंड चौक, तारबाहर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ ही सरकंडा मुख्य मार्ग में भी कार्रवाई की। जिन्हें पहले से समझाइश दी गई थी कि वे अपने ठेला व गुमटी सड़क के दायरे से हटा लें, लेकिन समझाइश पर जरा भी ध्यान नहीं दिया गया, ऐसे में इन दुकानदारों के सामानों व ठेला को जब्त कर लिया गया है। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने साफ किया है कि आगे भी कार्रवाई चलते रहेगी। सड़क को हर हाल में कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

## सड़क जर्जरः निगम में शामिल फिर भी नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर होते हुए डीएलएस कालेज और खमतराई सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, सड़क का हाल यह है कि यहां 20 इंच से अधिक चौड़ गड्ढे हैं, जिसपर से रोजाना हजारों वाहन चल रहे हैं। कई बाद दुर्घटनाएं भी होती हैं, लेकिन इसके बाजवूद जिम्मेदारों के आंखों में सड़क की बदहाली दिखाई नहीं दे रही है। शहर की सड़कों की मरम्मत महज कागजों में हो रही है। हकीकत इसके ठीक उलट है, जिन सड़कों को बारिश से पहले दुरूस्त करने का आश्वासन दिया गया था, उन सड़कों की हालत जस की तस है। डीएलएस कालेज से खतमराई और बहतराई जाने वाले मार्ग पर महज गड्ढे ही गड्ढे हैं, जिसमें रोजाना धूल उड़ रही है।

- डीपी कालेज-खमतराई सड़क का मामला




कुछ जगहों पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के लिए मिट्टी तक पाट दी है, लेकिन धूल पीछा नहीं छोड़ रही है। ऐसे में सड़क से गजरने वाले 3 दर्जन कालोनिवासी खासे परेशान है। सड़क पर आवागमन काफी तकलीफदायक साबित हो रही है। खास बात यह है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद क्षेत्र की स्थिति बदल नहीं रही है, ऐसे में लोगों की फरियाद सुनने वाला भी कोई नहीं है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411